## संक्षिप्त

### लक्ष्य पूरे करने के निर्देश दिए

**दूदू, (निसं)।** पंचायत समिति सभागार में विकास अधिकारी महेश सिंह राठौड़ ने विभिन्न ग्राम पंचायत में कार्यरत ग्राम विकास अधिकारियों रोजगार सहायकों कर्मचारियों की बैठक लेकर केंद्र पर राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के कार्यों की समीक्षा की तथा लक्ष्य पूरे करने के निर्देश दिए। उन्होने कहा कि मनरेगा योजना के तहत चल रहे कार्य स्थलों पर छाया पानी दवाई की सुविधा उपलब्ध करा दी जाए, गांव में साफ सफाई रखने व कचरा निस्तारण करने पर जोर दिया। इस दौरान सहायक अभियंता केके गुप्ता, अतिरिक्त विकास अधिकारी श्याम सुंदर कुमावत, सहायक लेखा अधिकारी बाबूलाल वर्मा, अमित कुमार भाटी सहित कर्मचारी मौजूद रहे।

### हजारों लीटर पानी व्यर्थ बह रहा

**दूदू, (निसं)।** जिला मुख्यालय पर दूदू चौराहे से नरेना रोड पर चल रहे सड़क निर्माण कार्य के दौरान जलदाय विभाग के अधिकारियों की अनदेखी के कारण बीसलपुर पाइपलाइन टूट जाने पर हजारों लीटर पानी सड़क पर व्यर्थ बह रहा है। वही दूदू जिला मुख्यालय की विभिन्न कॉलोनी के वाशिंदों ने 300 रुपये प्रति टैंकर खरीद कर पानी पीने को मजबूर होना पड़ रहा है। विभाग द्वारा उच्च अधिकारियों का अवगत कराने के बाद भी कोई सुनवाई नहीं की जा रही है। गौरतलब है कि जिला कलेक्टर मुख्यालय पर स्थापित कंट्रोल रूम में भी कोई सुनवाई नहीं हो पा रही है। आमजन को इस भयंकर गर्मी में पानी की समस्या से जूझना पड़ रहा है।

### विचित्र वेशभूषाओं और परंपराओं का प्रदर्शन

**श्रीमाधोपुर, (निसं)।**श्री आदर्श महिला बी एड कॉलेज श्रीमाधोपुर में चल रहे एसयूपीडब्ल्यू शिविर के तीसरे दिन शिविरार्थियों द्वारा विभिन्न प्रांतों की विचित्र वेशभूषाओं और परंपराओं का प्रदर्शन किया गया। शिविर प्रभारी डॉ बाबूलाल सैनी एवं अनीता शर्मा ने बताया कि संस्थान निदेशक जितेंद्र शर्मा मुख्य अतिथि रहे। शर्मा ने छात्राध्यापिकाओं को चार राज्यों- राजस्थान, महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश और पश्चिम बंगाल से जुड़ी हुई विभिन्न प्रकार की परम्पराओं एवं मान्यताओं की जानकारियां पर विस्तार से प्रकाश डाला और भारतीय परिपेक्ष्य में वर्तमान समय में दिशा और दशा के आधार पर तुलनात्मक जानकारियां देकर छात्राध्यापिकाओं को लाभान्वित किया। छात्राध्यापिकाओं ने भारतीय संस्कृति को आधुनिक समय में दैनिक जीवन में अपनाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर महाविद्यालय का समस्त स्टाफ एवं छात्राध्यापिकाएं उपस्थिति रही।

### आंगनबाड़ी केंद्र का निरीक्षण किया

**पावटा, (निसं)।** तहसीलदार पावटा प्रवीण सैनी ने गुरुवार को ग्राम लाडाकाबास में संचालित आंगनबाडी केंद्र का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया और आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। रजिस्टर का अवलोकन कर बच्चों की स्थिति से रूबरू होते हुए आंगनवाडी कार्यकर्ता को निर्देशित करते हुए कहा कि नियमित मॉनिटरिंग सुनिश्चित करें। निरीक्षण के दौरान आंगनबाडी केंद्र मे बच्चों को वितरित किए जाने वाले पोषाहार की गुणवत्ता हेतु आवश्यक सुझाव दिये। बच्चों का टीकाकरण व चिकित्सीय उपचार समय-समय पर सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। तहसीलदार पावटा प्रवीण सैनी ने आंगनवाडी कार्यकर्ताओं को निर्देशित करते हुए कहा कि गर्भवती महिलाओं के स्वास्थ्य की देखभाल बेहतर सुनिश्चित रखा जाय।

# मालपुरा कृषि मंडी के व्यापारियों ने मंडी गेट पर ताला लगाकर किया प्रदर्शन



मंडी में चोरी की वारदातों तथा प्रशासन की लापरवाही के विरोध में व्यापारियों ने मुख्य गेट पर ताला लगा कर प्रदर्शन किया।

- बढ़ती चोरी की वारदाते तथा सुविधा व सुरक्षा से तंग व्यापारी बैठे धरने पर
- चिलचिल्लाती धूप में भूखे प्यासे वाहनों की लम्बी कतारों में बैठे रहे किसान
- एसडीएम की समझाइश व मंडी सचिव के लिखित आश्वासन पर ताले खोले

**मालपुरा, (निसं)।** ए श्रेणी की मालपुरा कृषि मंडी में लगे दो दर्जन सीसीटीवी कैमरे बंद होने के साथ-साथ मंडी परिसर में पर्याप्त रोशनी तथा चोकीदार के अभाव में आये दिन हो रही चोरी की वारदातों पर अंकुश लगाने तथा किसान व व्यापारियों को सुरक्षा व सुविधा मुहैया करवाने मे कोताही बरत रहे मंडी प्रशासन के विरूद्ध व्यापारियों ने गुरूवार को अपने प्रतिष्ठान बंद रख मंडी गेट पर ताला लगा कर धरने पर बैठ गये।

प्रात: लगभग साढे नो बजे मुख्य गेट पर तालाबंदी कर टेन्ट लगा कर नारेबाजी करते हुये धरने पर बैठे व्यापारियों से मौके पर पहुंच वार्ता करने के बजाय मंडी सचिव पीछे के गेट से निकल एसडीएम चैम्बर में जाकर बैठ जाने तथा वहां से व्यापारियों के धरने में टेन्ट लगाने वाले दुकानदार को प्रशासन द्वारा दबाव डाल टेन्ट हटवाने के प्रयास की सूचना मिलने पर व्यापारियों का गुस्सा और तेज हो गया। व्यापारियों ने मंडी प्रशासन के विरूद्ध जमकर नारेबाजी शुरू कर दी तो व्यापार मंडल अध्यक्ष ने समस्याओं के समाधान नहीं होने तथा व्यापारियों की मांगे पूर्ण होने तक अनिश्चितकाल के लिये मंडी कारोबार बंद रखने का ऐलान कर दिया।

व्यापारियों के धरना प्रदर्शन के दौरान व्यास सर्किल डाक बंगले से मंडी गेट तक कृषि जिन्सो से भरे किसानों के ट्रेक्टर-ट्रोली की लम्बी कतारे लग गई। गांव से माल बेचने आया भूखा-प्यासा किसान तीन घंटे तक चिलचिल्लाती धुप मे बैठा प्रशासन को कोसता रहा। बेबस व लाचार हुये किसानो तथा धरने पर बैठने पर मजबूर हुये व्यापारियों से वार्ता के लिये मंडी सचिव, एसडीएम सहित पुलिस व प्रशासन का कोई जिम्मेदार अधिकारी धरना स्थल पर नही पहुंचने पर व्यापारियों में जमकर नारेबाजी की। मंडी व्यापार से जुडे भाजपा मंडल अध्यक्ष त्रिलोक चन्द जैन ने जरिये दूरभाष के केबिनेट मंत्री व स्थानीय विधायक कन्हैयालाल चौधरी को व्यापारियों की समस्या व मांगों से अवगत भी करवाया। दो घंटे बाद मौक पर पहुंचे मंडी सचिव का व्यापारियों ने घेराव कर बरती जा रही लापरवाही को लेकर जमकर खरी-खोटी सुनाई। आये दिन मंडी मे चोरी की वारदाते होने के साथ-साथ बीते दिनो मंडी परिसर से नकली सरसो के दानो से भरा ट्रक पुलिस द्वारा जप्त कर दाना सप्लायर को हिरासत में लेने के बावजूद मिलावट के इस अवैध कारोबार में लिप्त लोगों पर आज तक कोई कार्यवाही नही होने पर कडी नाराजगी जताई तो व्यापार मंडल अध्यक्ष सहित अन्य व्यापारियों ने उक्त मामले में पुलिस अधिकारियों द्वारा व्यापारियों को पूछताछ के नाम पर थाने बुला तकरीबन तीस से चालीस लाख रूपये की सौदेबाजी कर मिलावट के इस बडे खेल को दबाते हुये मामले को रफा-दफा करने के प्रयास की बाते सार्वजनिक रूप से धरना स्थल पर कही तो लोग दंग रह गये। अंत में मंडी सचिव द्वारा सोमवार तक सभी सीसीटीवी कैमरे चालू करवाने तथा मंडी में आज से ही चार चोकीदार लगाने का लिखित आश्वासन देने तथा मौके पर पहुंचे एसडीएम द्वारा अन्य समस्याओं का समाधान व मांगे पूरी करने का ठोस आश्वासन देने के बाद व्यापारियो ने धरना समाप्त कर ताले खोले।

## बेजुबानों पक्षियों के लिए 31 परिंडे लगाए

**पावटा, (निसं)।** भीषण गर्मी में बेजुबान पशु-पक्षियों के सामने भी खाने की समस्या उत्पन्न हो गई है। ऐसे हालात में इन बेजुबान पशु-पक्षियों की सेवा के लिए समाजसेवी और सामाजिक संस्थाएं भी आगे आ रही है। इस दौरान मई महीने की गर्मी को देखते हुए आंतेला यूथ सेवा समिति की तरफ से बेजुबान पक्षियों के लिए आंतेला कस्बे क्षेत्र में 31 परिंडे लगाए गए। परिंडे सरपंच जयराम नागर एवं भामाशाह दयाराम कबाडी के द्वारा यूथ सेवा समिति को उपलब्ध करवाए गए। आंतेला सरपंच जयराम नागर ने बताया कि क्षेत्र में हर वर्ष जल स्तर नीचे गिरता जा रहा है। बारिश भी इतनी नही आती की क्षेत्र बांधो में पानी आ सके। बांध और एनिकट खाली पडे, इस भीषण गर्मी में जानवरों और पक्षियों की सुध लेना वाला कोई नही। भीषण गर्मी में पक्षियों के लिए पानी, अमृत समान है। कहते है पानी बिन सब सुन, पानी बगैर कुछ भी नही, चाहे मनुष्य हो, जानवर हो, पक्षी हो, पेड-पौधे हो या अन्य प्रकृति में मौजूद जीव सभी का शरीर 70 प्रतिशत पानी से बना है। अगर आवश्यकता अनुसार पानी शरीर को नहीं मिलता है तो वह अवश्य ही नष्ट हो जाता है। पानी हर जीव की मूलभूत आवश्यकता है। जिसे देखते हुए आंतेला कस्बे क्षेत्र में 31 परिंडे बांधे गए हैं। सभी परिंडों में पानी के साथ बेजुबान पक्षियों के लिए दाना भी डाला गया है। आंतेला कस्बे की यूथ सेवा समिति द्वारा गांव के चिन्हित जगहों पर जैसे शमशान भूमि, बालिका स्कूल रामपुरा के पास , बिजली ग्रेड, बावडी मंदिर, परमानंद जी मंदिर, निलका धाम , निमडी भैरू बाबा आदि जगह परिंडे बांधकर सभी ने संकल्प लिया कि बेजुबान पक्षियों की सेवा के लिए हमेशा तत्पर रहेंगे। साथ ही लोगों को भी संदेश दिया कि सभी बेजुबान पशु-पक्षियों की सेवा के लिए आगे आए और इंसानों के साथ इन परिंदों को भी जीवित रखने के लिए परिंडे बांधकर उनमें दाना पानी की व्यवस्था करें। गर्मी को देखते हुए बेजुबान पक्षियों के लिए परिंडे बांधकर दाना-पानी की व्यवस्था की जा रही है।

## अवैध खनन की गतिविधियों पर प्रभावी कार्यवाही करें : एडीएम



अतिरिक्त जिला कलेक्टर सुरेश चौधरी ने अवैध खनन की रोकथाम को लेकर बैठक लेकर आवश्यक निर्देश दिये।

**टोंक, (निसं)।** अतिरिक्त जिला कलेक्टर सुरेश चौधरी ने अवैध खनन, परिवहन और भण्डारण के विरुद्ध खनिज, राजस्व, पुलिस, परिवहन और वन विभाग के अधिकारियों को प्रभावी कार्यवाही करने निर्देश दिए। अवैध खनन की रोकथाम को लेकर गुरुवार को आयोजित बैठक में एडीएम ने अवैध खनन कर्ताओं के खिलाफ कारगर कार्यवाही करने पर जोर दिया।

एडीएम ने कहा कि अवैध खनन गतिविधियों पर सख्त कार्यवाही कर रोक लगाएं। उन्होंने उपखंड अधिकारी को कहा कि संबंधित विभाग संयुक्त रूप से अवैध गतिविधियों के स्त्रोत व स्थान को चिन्हित करें। अवैध खनन गतिविधियों वाले प्रभावित स्थानों को चिन्हित कर ऐसे खनन संबंधी क्षेत्रों में मशीनरी की जब्ती सहित कठोर कार्यवाही करें। उन्होंने परिवहन विभाग के अधिकारी को निर्देश दिए कि अवैध परिवहन में लिप्त वाहन चालकों के वाहन के रजिस्ट्रेशन एवं ड्राइविंग लाइसेंस रद्द करें, साथ ही अधिकतम जुर्माना लगाया जाएं।

बिना नंबर वाले वाहनों को एरिया वाइज सीमित कर चिन्हित किया जाएं। जेसीबी, डंपर, लोडर के मालिकों की सूची तैयार की जाकर उनको अवैध खनन नहीं करने के लिए पाबंद किया जाएं।

एडीएम ने वन विभाग के सहायक वन संरक्षक को वन क्षेत्र में अवैध खनन की गतिविधियों पर लगाम लगाए जाने के निर्देश दिए। जिन क्षेत्रों में अवैध खनन की शिकायत मिले वहां विशेष चौकसी बरती जाए। बैठक में एएसपी गीता चौधरी, एसडीएम टोंक राहुल सैनी, एसडीएम पीपलू कपिल शर्मा, एसडीएम देवली दुर्गा प्रसाद मीणा, सहायक खनिज अभियंता, सहायक वन संरक्षक समेत विभिन्न अधिकारी मौजूद रहे।

## अनैतिक गतिविधियों का संचालन

**कोटपूतली, (निसं)।** कस्बे के विभिन्न होटलों व कैफे में अवैध गतिविधियों की पिछले काफी समय से मिल रही शिकायतों के बाद एसपी वंदिता राणा के निर्देश पर गुरूवार को स्थानीय थाना पुलिस ने आधा दर्जन से अधिक होटल व कैफे पर छापेमारी की। इस दौरान पुलिस ने तलाशी लेते हुये दस्तावेजों की जाँच की।

वहीं संदिग्ध गतिविधियों व अनुचित आचरण में लिप्त दो दर्जन से अधिक युवक-युवतियों को हिरासत में लिया। पुलिस सभी युवक-युवतियों को डिटेन कर थाने ले आई। समाचार लिखे जाने तक पुलिस ने सभी युवक-युवतियों को पुछताछ कर एसडीएम के समक्ष पेश किया। गौरतलब है कि कोटपूतली में पिछले कुछ समय में बड़ी संख्या में ऐसे होटल, कैफे की बाढ आ गई है। जहाँ होटल व कैफे की आड में भारी मात्रा में अनैतिक कार्य होते है। पुलिस द्वारा इनको लेकर समय-समय पर कार्यवाही तो की जाती है लेकिन पुलिस कार्यवाही के दो-चार दिन बाद ही होटलों व कैफे में फिर से अनैतिक गतिविधियां संचालित होने लगती है। अब देखना यह है कि पुलिस की यह कार्यवाही कितनी असर कारक होती है।

## नाली बंद करने से वार्ड में पानी की निकासी नहीं, वार्डवासी परेशान



पानी की निकासी नहीं होने से नाली का पानी वार्ड में घरों के सामने एकत्रित हो जाता है।

- अवगत करवाने के बाद भी पालिका प्रशासन आँखे मूंदे बैठा
- समाधान नहीं होने पर होगा धरना प्रदर्शन

**पावटा, (निसं)।** कस्बे के वार्ड नं. 12 में राजस्थान स्कूल के समीप पानी की निकासी नहीं होने के कारण वार्ड वासियों को परेशानी का सामना करना पड रहा है। इस मामले में पावटा प्रागपुरा नगरपालिका प्रशासन अपनी आँखे मूंदे बैठा है क्योंकि अवगत कराने के बाद भी समस्या का समाधान नहीं हो सका है। वार्ड वासियों ने बताया कि पूर्व में पानी निकासी के लिए पालिका द्वारा सडक व नाली का निर्माण कराया गया था लेकिन कुछ लोगों के द्वारा नाली को बंद करने से पानी की निकासी नहीं हो पा रही है। जिससे नाली का पानी वार्ड में घरों के सामने एकत्रित हो गया है व वार्डवासियों को निकलने में परेशानी का सामना करना पड रहा है। पूर्व वार्ड पार्षद वीरेंद्र बंसल, श्रवण बंसल, प्रकाश सिंघल, विमल अग्रवाल, राहुल सिंघल, पूर्व वार्ड पार्षद बनारसी देवी, सुशीला बंसल, संगीता सिंघल, कृपा बंसल, विनोद जांगिड, महावीर यादव सहित वार्डवासियों ने बताया कि पानी एकत्रित होने से उसमें मच्छर, मक्खी पनप रहे है। जिससे बीमारियां फैलने का खतरा बढ गया है। वार्डवासियों ने पावटा प्रागपुरा नगरपालिका प्रशासन से समस्या समाधान की मांग की। शीघ्र समस्या का समाधान नही होने पर धरना प्रदर्शन होगा जिसकी जिमेदारी पालिका की होगी।

## सड़क हादसे में एक घायल

**निवाई, (निसं)।** लोक परिवहन बस से गुरूवार को एक बाइक सवार की बाइक बस के टायर के नीचे आ गई। जिससे वह घायल हो गया। इस दुर्घना में बाइक सवार बाल बाल बच गया। सूचना मिलने पर थाना अधिकारी हरिराम वर्मा मय जाप्ते के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि बाइक सवार केसरलाल पुत्र मूलचंद मीणा उम्र 55 वर्ष सदर थाना क्षेत्र के गांव काचरिया से निवाई निजी काम के लिए बाइक से आ रहा था। इसी दौरान अचानक ही गांधी पार्क के समीप जयपुर से टोक की ओर जा रही राजस्थान लोक परिवहन बस के टायर की चपेट में बाइक आ गई और चकनाचूर हो गई। घटना के बाद मौके पर सैकडों लोगों की भीड जमा हो गई। पुलिस ने घायल को प्राथमिक उपचार के लिए राजकीय सामुदायिक चिकित्सालय में भर्ती करवाया। पुलिस ने लोक परिवहन की बस को जब्त कर थाना परिसर लाकर खडा करवा दिया गया। घटना की सूचना मिलने पर निवाई पुलिस उपाधीक्षक मृत्युंजय मिश्रा भी घटनास्थल पर पहुंचे।

## लूट के दो इनामी बदमाश गिरफ्तार

**दूदू, (निस)।**स्थानीय थाने की पुलिस ने 3 वर्षों से फरार लूट के दो इनामी अभियुक्त को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल कर ली। पुलिस सूत्रों के अनुसार वर्ष 2021 में दूदू निवासी चंद्र प्रकाश उर्फ दीपक सोनी रहलाना के साथ हथियारों के बल पर हुई सोने चांदी के गहनों की लूट के दो अभियुक्त राजू मंसूरी उर्फ राजू मोहम्मद श्रवण सिंह चौहान जो कि दो 2000 के इनामी व जिले के टॉप 10 अपराधियों में शामिल थे के बारे में स्पेशल टीम को सुराग कशी के निर्देश दिए गए थे थाना निरीक्षक इंद्र प्रकाश यादव के नेतृत्व में टीम ने सुराग के आधार पर वांछित अभियुक्त राजू मुंशी उर्फ राजू मोहम्मद निवासी पड़ासोली को डिटेन कर दूसरे अभियुक्त श्रवण सिंह चौहान के बारे में पूछताछ की तो उदयपुर में कहीं काम करना बताया गया के बाद उप पुलिस अधीक्षक दीपक खंडेलवाल ने अपने प्रयास उदयपुर में होने का पता लगाकर डिटेन कर गिरफ्तार कर लिया दोनों अपराधियों से पूछताछ जारी है। राजू मंसूरी पर अवैध हथियार रखने का एक प्रकरण व अभियुक्त श्रवण सिंह चौहान पर अवैध हथियार के साथ लूट के तीन प्रकरण पूर्व में दर्ज है। अभियुक्तों द्वारा 20 मार्च 2021 को दूदू के ज्वेलर्स चंद्रप्रकाश उर्फ दीपक सोनी को दूध से दुकान बंद कर घर जाने के दौरान पड़ासोली वह रहलाणा के बीच में एक कर में सवार होकर हथियारों के बल पर 2 किलो 500 ग्राम चांदी एवं 15.20 ग्राम सोने के जेवर लूट लेने की वारदात को अंजाम दिया गया था। इस प्रकरण में लक्ष्मण गुर्जर व कययुम को पूर्व में गिरफ्तार किया जा चुका था। दो अभियुक्त वांछित थे को गिरफ्तार कर लिया गया

## ढाबों के बाहर खड़े ट्रकों से डीजल चोरी करने का एक आरोपी गिरफ्तार



ढाबों के बाहर खड़े रहने वाले ट्रकों से डीजल चोरी का आरोपी गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की।

- आरोपी से करीब 150 लीटर डीजल व चोरी करने के उपकरण जब्त

**निवाई, (निसं)।** निवाई थाना पुलिस ने राष्ट्रीय राजमार्ग पर ढाबों के बाहर खडे रहने वाले ट्रकों से डीजल चोरी करने वाली गैंग के एक सदस्य को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से करीब 150 लीटर डीजल व डीजल चोरी करने के उपकरण जप्त किए हैं।

आरोपी के कब्जे से चोरी की घटना में प्रयुक्त एक कार व चौमू जिला जयपुर से चोरी हुई एक अपाची मोटरसाइकिल को भी जप्त किया है। थाना अधिकारी हरिराम वर्मा ने बताया कि शहर के राष्ट्रीय राजमार्ग 52 पर खडे वाहनों का डीजल चोरी करने वाली गैंग के एक सदस्य को गिरफ्तार किया है। ट्रक चालक हरिनारायण पुत्र लादू गुर्जर निवासी रुणीजा थाना डबलाना जिला बूंदी ने मुकदमा दर्ज करवाया था कि 12 मई को हरियाणा से गेहूं भरकर लेकर आया था। शाम होने पर तुलाई नहीं होने के कारण बाईपास पर एक रेस्टोरेंट के बाहर गाडी को खडा कर सो गया था। सुबह उठने पर देखा तो गाडी से करीब 200 लीटर डीजल चोरी होना पाया गया। इसी प्रकार वहीं खडे एक अन्य ट्रक से भी करीब 300 लीटर डीजल चोर चुरा ले गए। जिस पर थाने में डीजल चोरी का मुकदमा दर्ज करवाया गया। पुलिस ने विशेष टीम का गठन किया। पुलिस ने घटनास्थल के आसपास से सीसीटीवी फुटेज देखे। अनुयंधान के दौरान पुलिस ने डीजल चोरी करने वाली गैंग के सदस्य कमलेश पुत्र छीतरमल माली उम्र 28 वर्ष निवासी टोडी हरमाडा जिला जयपुर हाल निवासी वनस्थली मोड निवाई को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से करीब 150 लीटर डीजल व डीजल चोरी करने के उपकरण जप्त किए हैं। आरोपी के कब्जे से चोरी की घटना में प्रयुक्त एक कार व चौमू जिला जयपुर से चोरी हुई एक अपाची मोटरसाइकिल को भी जप्त किया है। आरोपी से अन्य वारदातों के खुलासा होने की संभावना है। आरोपी रात के समय ढाबों पर ट्रकों को सूना खडा देखकर डीजल टैंक में पाइप के माध्यम से कीप लगाकर जरीकेन में डीजल निकालकर चुराते थे।

## सार-समाचार

### विद्यालय में लगाए परिंडे



**श्रीमाधोपुर, (निसं)।** राजकीय उच्च प्राथमिक संस्कृत विद्यालय कुलडा का टीबा अरनिया जिला नीमकाथाना में विद्यालय प्रांगण में रामदयाल सैनी स्टेट अवॉर्डी शिक्षक की देखरेख में पक्षियों के लिए परिंडे लगवाए गए। विद्यालय में इंटर्नशिप कर रहे छात्राध्यापक अभिषेक सैनी, छात्राध्यापिका सुमन यादव एस एम सी व अभिभावकों की तरफ से कार्यरत अतिरिक्त शिक्षिका सपना जांगिड़ तथा कुक कम हेल्पर सोनी देवी व विद्यार्थियों के सहयोग से श्री कृष्ण गौशाला परिसर एवं इच्छापूर्ण शिव मंदिर परिक्षेत्र में भी पक्षियों के लिए परिंडे व दाना पानी की व्यवस्था की गई। वहीं उनकी देखभाल का भी जिम्मा लिया।

### सीबीईओ कार्यालय को कूलर भेंट

**श्रीमाधोपुर, (निसं)।** ब्लॉक निष्पादन समिति की माह मई की बैठक में उपखंड अधिकारी अनिल कुमार की प्रेरणा से मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी कार्यालय में दानदाता द्वारा मिनी जंबो कूलर भेंट किया गया। सीबीईओ विनोद कुमार शर्मा ने बताया कि गर्मी के मौसम को देखते हुए कार्यालय में संसाधनों के अभाव के दृष्टिगत दानदाता शिवपाल सिंह शेखावत प्रधानाचार्य राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय श्रीमाधोपुर द्वारा उक्त कूलर भेंट किया गया है। गौरतलब है कि हाल ही में ब्लॉक के पीईईओ व अन्य संस्था प्रधानों तथा सीबीईओ कार्यालय के स्टाफ सदस्यों ने सहयोग राशि एकत्रित कर कार्यालय भवन के माइनर रिपेयर और रंग रोगन करवाया है तथा कार्यालय में स्थानाभाव को देखते हुए एलुमिनियम पार्टीशन लगाकर ऑफिस बैठक व्यवस्था सुचारू की गई है। इसके अतिरिक्त सभागार के लिए गद्दीदार कुर्सियां भेंट की गई हैं। इसी कड़ी में पूर्व सीबीईओ मालीराम रैगर ने लोहे की दो आलमारी तथा रामनिवास घोसल्या सेवानिवृत्त प्रशासनिक अधिकारी ने लोहे की आलमारी एक भेंट की है। इस अवसर पर ओमप्रकाश भिण्डा, प्रशासनिक अधिकारी, पवन कुमार शर्मा आरपी, रवि शर्मा वरिष्ठ सहायक, मोहित खैरवा कनिष्ठ सहायक, सुभाष चन्द्र, रामेश्वर लाल आदि मौजूद थे।

### किरोड़ीलाल ने बालाजी के दर्शन किये

**बौंली- बामनवास, (निसं)।** सवाई माधोपुर से भारतीय जनता पार्टी के विधायक एवं राजस्थान सरकार में कैबिनेट कृषि मंत्री डॉ किरोडी लाल मीणा गुरुवार को बौंली उपखंड मुख्यालय पर पहुंचे एवं खेड़ापति बड़े बालाजी मंदिर में क्षेत्र की खुशहाली के लिए विशेष पूजा अर्चना कर महा आरती की इससे पूर्व उनका एक्सप्रेस वे पर भाजपा कार्यकर्ता में पदाधिकारी ने भव्य स्वागत किया। वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ता भगवान सिंह नरूका ने बताया कि कृषि मंत्री डॉक्टर किरोडी लाल मीणा ने पूजा अर्चना करने के बाद खेड़ापति बड़े बालाजी की धर्मशाला में भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ एक बैठक आयोजित कर विचार विमर्श किया एवं बताया कि केंद्र में भाजपा की पूर्ण बहुमत वाली मोदी सरकार पुन: बनने वाली है मेरा इस क्षेत्र से विधायक व सांसद रहने के कारण विशेष लगाव रहा है एवं में सभी कार्यकर्ताओं के लिए हमेशा तैयार रहूंगा। कार्यक्रम में भाजपा के वरिष्ठ नेता ओमप्रकाश डंगोरिया मंडल अध्यक्ष लखन लाल मीणा, जय नारायण गोयल, हनुमत दीक्षित, राजेश गोयल, ओम प्रकाश जोशी, रामनिवास गुर्जर, मुरारी लाल मंगल सहित अनेकों कार्यकर्ता उपस्थित थे। डॉक्टर मीणा के सवाई माधोपुर से चुनाव लड़ने के दौरान जिन लोगों ने उनके खिलाफ आशा मीणा का समर्थन किया वह भी स्वागत करते नजर आ रहे थे।

### 526 दिनों से धरना जारी

**कोटपूतली, (निसं)।** कस्बे के निकटवर्ती ग्राम जोधपुरा संघर्ष समिति द्वारा अल्ट्राटेक सीमेंट प्लांट के खिलाफ पिछले 526 दिनों से लगातार अनिश्चितकालीन धरना दिया जा रहा है। जानकारी अनुसार धरणार्थी विगत 5 मई को जिला कलक्टर कार्यालय पर धरना देने पहुंचे तो जिला कलेक्टर ने आश्वासन दिया था कि एक संयुक्त टीम गांव में आकर जांच कर ग्रामीणों की समस्याओं का समाधान करेगी। जिला कलेक्टर के आदेश पर संयुक्त टीम विगत 14 मई को अल्ट्राटेक सीमेंट के क्रेशर व धरना स्थल पर पहुंची एवं समस्याओं की विस्तार से जानकारी ली। संयुक्त टीम ने समस्याओं को जायज मानते हुये अल्ट्राटेक सीमेंट प्लांट को जब तक ग्रामीणों की समस्याओं का समाधान नहीं हो जाता तब तक कंनवर बेल्ट क्रेशर को नहीं चलाने के लिए पाबंद किया था लेकिन प्लांट ने विगत 15 मई को क्रेशर को पुन: शुरू कर दिया। जिसका ग्रामीणों द्वारा विरोध करने पर प्लांट द्वारा धरनार्थियों पर झूठे आरोप लगाते हुए एफआईआर दर्ज करवा दी गई। 16 मई को भी अल्ट्राटेक सीमेंट प्रशासन द्वारा कंनवर बेल्ट क्रेशर को चालू किया गया। जिसके बारे में ग्रामीणों ने प्रशासन को सूचना दी लेकिन कोई कार्यवाही नहीं होने पर ग्रामीणों में रोष व्याप्त है। संघर्ष समिति के सचिव कैलाश यादव ने बताया कि यदि सुनवाई नहीं हुई तो आंदोलन को तेज किया जायेगा।

### वाहनों की भिड़ंत में 11 घायल

**टोंक, (निसं)।** सदर थाना क्षेत्र के टोंक से उनियारा जा रहे मार्ग पर स्थित रूस्तमगंज सडक मार्ग पर दो चार पहिया वाहनों की आमने सामने भिडंत में 11 लोग गंम्भीर रूप से घायल हुए, जिसमें 4 महिलायें, 1 बालक व 6 पुरूष है तथा घायलों को उपचार हेतु सआदत चिकित्सालय में भर्ती कराया गया। यह घटना अपरान्ह 1.30 बजे पर हुई, इनमें से कुछ लोग सुविधा अनुसार उपचार कराने के लिए अन्य जगहों के लिए रैफर हो गये।

## प्रजापति समाज के 10 जोड़े परिणय सूत्र में बंधे



विधायक देवीसिंह शेखावत और थानागाजी प्रधान जयप्रकाश प्रजापत ने वर-वधु को आशीर्वाद प्रदान कर सुखमय दाम्पत्य की कामना की।

- विधायक और प्रधान ने दिया आशीर्वाद

**नारायणपुर, (निसं)।** कस्बे के पुरुषोत्तम आश्रम में गुरुवार को प्रजापति सामूहिक विवाह सम्मेलन में 10 जोड़े परिणय सूत्र में बंधे। इस दौरान क्षेत्रीय विधायक देवीसिंह शेखावत और थानागाजी प्रधान जयप्रकाश प्रजापत ने वर-वधु को आशीर्वाद प्रदान कर सुखमय दाम्पत्य जीवन की कामना की। सामूहिक विवाह सम्मेलन से पूर्व दुल्हों को घोड़ी पर बैठाकर कस्बे के मुख्य बाजार से बैण्ड बाजो के साथ निकासी निकाली साथ ही शिव पार्वती की जीवंत झांकी निकाली गई। निकासी के दौरान यातायात व्यवस्था सुचारू रहे इसके लिए थानाधिकारी शिम्भूदयाल मीणा मय जाप्ते के साथ तैनात रहे। सम्मेलन में वर माला, अग्नि फेरे व आशीर्वाद कार्यक्रम के साथ बारातियों के लिए प्रतिभोज का कार्यक्रम आयोजित किया गया। सम्मेलन में अंतरराष्ट्रीय कलाकार बनेसिंह एंड पार्टी द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुती दी गई। इस अवसर पर आयोजनकर्ताओं द्वारा भामाशाहों का सम्मान किया गया। कार्यक्रम में मंच संचालन हंसराज व सीताराम ने किया। इस मौके पर भाजपा प्रदेश प्रवक्ता मदन प्रजापत, ललित किशोर, रोहित प्रजापत, भैरुराम कांट, अध्यक्ष लालचंद, राजू प्रजापत, महामंडलेश्वर जनार्दन दास महाराज, प्रहलाद दास महाराज, टिंकू प्रजापति, शंकर लाल प्रजापति सहित 11 समिति के अध्यक्ष मौजूद रहे।